# पीएम सूर्य घर योजना में एक लाख सब्सिडी

लखनऊ। पीएम सूर्य घर योजना में एक लाख आठ हजार रुपये तक की सब्सिडी मिल रही है। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने लोगों से अपील की है कि योजना से जुड़कर सोलर पैनल लगवाएं। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने यूपी नेडा को राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी घोषित किया है। योजना से जुड़ने के लिए www.pmsuryaghar.gov.in पर जाकर बिजली खाता संख्या एवं मोबाइल नंबर से पंजीकरण करवा सकते हैं।